Headline: NSE reshuffles Nifty 50 stocks	
Source: NavBharat Times	**Date:** 23 February 2016

निफ्टी व्यापक बाजार सूचकांक की नई संरचना की घोषणा

■ **बिजनेस डेस्क** : निफ्टी व्यापक बाजार सूचकांक के लिए नई संरचना इंडिया इंडेक्स सर्विसेज एंड प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आईआईएसएल) ने उद्योग की सर्वोत्तम कार्यप्रणाली के साथ आगे बढ़ते हुए आज निफ्टी व्यापक बाजार सूचकांक (Nifty broad market indices) की नई संरचना की घोषणा की है। वर्तमान सूचकांक संरचना को भारतीय पूंजी बाजार के लार्ज, मिड और स्मॉल बाजार पूंजीकरण सेगमेंट का प्रतिनिधित्व करने के लिए विस्तारित किया गया है। नई संरचना में 11 सूचकांक शामिल हैं। आईआईएस ने 5 नए सूचकांक भी प्रस्तुत किए हैं। वर्तमान घटक सूचकांक में बदलाव और नए सूचकांकों का प्रकाशन 1 अप्रैल 2016 से प्रभावी होगा। निफ्टी 500 सूचकांक में पूर्ण बाजार पूंजीकरण के आधार पर सर्वोच्च 500 कंपनियां योग्यता मापदंड पूरा करने पर शामिल होंगी। निफ्टी 500 सूचकांक को पूर्ण बाजार पूँजीकरण के आधार पर 3 सूचकांकों निफ्टी 100, निफ्टी मिडकैप 150 और निफ्टी स्मॉलकैप 250 में वर्गीकृत किया जाएगा।